भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3160
उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2026

बीएसएनएल में खेल कार्यकलाप

3160. श्री अनुराग सिंह ठाकुरः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बीएसएनएल ने क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और कबड्डी जैसे खेलों सहित अपने खेल कार्यकलापों को निलंबित करने का निर्णय लिया है, जिससे संगठन में कार्यरत उन समर्पित एथलीटों पर प्रभाव पड़ सकता है जिन्होंने गर्व के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त कदम का औचित्य क्या है;

(ग) बीएसएनएल की विभिन्न खेलों की राष्ट्रीय टीमों के सदस्य सहित संबंधित एथलीटों, प्रशिक्षकों या संघों से प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन या अपील का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार उक्त निर्णय की समीक्षा करने, हितधारकों के साथ चर्चा को बढ़ावा देने और बीएसएनएल में खेल प्रतिभाओं के लिए समर्थन जारी रखने का इरादा रखती है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इन खिलाड़ियों के कल्याण की रक्षा करने और राष्ट्रीय खेल ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए किन सहायक विकल्पों पर विचार किया जा रहा है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) मौजूदा वित्तीय बाधाओं को देखते हुए, बीएसएनएल ने पुर्णतः मितव्ययिता उपाय के रूप में अपनी खेल गतिविधियों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

(ग) बीएसएनएल को यूनियनों/संघों से बीएसएनएल में खेल गतिविधियों को पुनः शुरू करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे।

(घ) और (ङ) बीएसएनएल की वित्तीय स्थिति में सुधार के बाद खेल गतिविधियों को पुनः शुरू करने की समीक्षा की जाएगी।

*****